<u>प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 2021-22</u>

इण्टरमीडिएट

<u>अर्थशास्त्र (केवल प्रश्न पत्र)</u>

समय-3 घंटे 15 मिनट पूर्णांक- 100

नोट-प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।

निर्देश- (i) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

(ii) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पीय हैं,जिनका केवल सही उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखना है।

(iii) प्रश्न संख्या 11 से 18 तक अति लघु उत्तरीय है,जिनमें से प्रत्येक का उत्तर लगभग 50 शब्दों में लिखना है।

(iv) प्रश्न संख्या 19 से 24 तक लघु उत्तरीय है,जिनका उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखना है।

(v) प्रश्न संख्या 25 से 27 तक विस्तृत उत्तरीय है,जिनका उत्तर लगभग 300 शब्दों में लिखना है।

(vi) सभी प्रश्नो के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित है।

1- व्यष्टि अर्थशास्त्र के अन्तर्गत निम्न में से किसका अध्ययन किया जाता है- 1

(क) व्यक्तिगत इकाई

(ख) आर्थिक समग्र

(ग) राष्ट्रीय आय

(घ) उपर्युक्त में से कोई नही

2- सीमान्त उपयोगिता के शून्य होने पर कुल उपयोगिता - 1

(क) घटती है।

(ख) बढ़ती है।

(ग) अधिकतम होती है।

(घ) न्यूनतम होती है।

3- उत्पादन बन्द कर देने पर- 1

(क) स्थिर लागते बढ़ जाती है।

(ख) परिवर्तनशील लागते कम हो जाती है।

(ग) परिवर्तनशील लागते शून्य हो जाती है।

(घ) स्थिर लागते शून्य हो जाती है।

4- सीमान्त आगम .... में परिवर्तन की दर है। 1

(क) कुल आगम

(ख) कुल लागत

(ग) औसत आगम

(घ) औसत लागत

5- दीर्घ काल में सामान्य मूल्य बराबर होता है- 1

(क) सीमान्त उपयोगिता के

(ख) औसत लागत के

(ग) उत्पादन व्यय के

(घ) इनमें से कोई नहीं

6- पूर्ति के बढ़ने पर कीमत में- 1

(क) कोई प्रभाव नही पड़ेगा।

(ख) कीमत में वृद्धि होगी।

(ग) कमी होगी।

(घ) इनमें से कोई नही।

7-इलाहाबाद बैंक क्या है? 1

(क) विदेशी विनिमय बैंक

(ख) व्यापारिक बैंक

(ग) केन्द्रीय बैंक

(घ) इनमें से कोई नही

8-साख मुद्रा का विस्तार होता है, जब eRR- 1

(क) घटता है,

(ख) बढ़ता है,

(ग) स्थिर रहता है,

(घ) इनमें से कोई नही,

9- मुद्रा के कार्य है- 1

(क) विनिमय का माध्यम

(ख) मूल्य का मापक

(ग) मूल्य का संचय

(घ) उपर्युक्त सभी

10- ""मुद्रा वह धुरी है जिसके चारो ओर अर्थ विज्ञान चक्कर लगाता है"" यह कथन है- 1

(क) पीगू का

(ख) मार्शल का

(ग) कीन्स का

(घ) हाम का

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

11. व्यष्टि अर्थशास्त्र तथा समष्टि अर्थशास्त्र में मुख्य अन्तर क्या है? 3

12. अर्थशास्त्र में उत्पादन का अर्थ समझाइए। 3

13. उत्पादन फलन की परिभाषा दीजिए। 3

14. सीमान्त लागत से क्या आशय है? 3

15. औसत लागत (Ac) और सीमान्त लागत (Mc) में कैसा सम्बन्ध पाया जाता है? 3

16. भू राजस्व या मालगुजारी समझाइए। 3

17. राज्य उत्पाद शुल्क पर टिप्पणी लिखिए। 3

18. राजस्व व्यय किसे कहते है? 3

लघु उत्तरीय प्रश्न

19. मांग को प्रभावित करने वाले कौन-कौन से तत्व है? 6

20. एक फर्म की कुल स्थिर लागत कुल परिवर्ती लागत तथा कुल लागत क्या है? 2+2+2

21. क्या होगा यदि बाजार में प्रचलित मूल्य है? 3+3

(क) सन्तुलन कीमत से अधिक

(ख) सन्तुलन कीमत से कम

22. भारतीय रिजर्व बैंक के वर्जित कौन-कौन से कार्य है? 6

23. बजट को परिभाषित कीजिए? बजट कितने प्रकार के होते है? 2+4

24. भुगतान संतुलन के समाधान हेतु सरकार द्वारा उठाए गए कौन-कौन से कदम है? 6

विस्तृत उत्तरीय प्रश्न

25. उदासीनता वक्र की सहायता से उपभोक्ता के सन्तुलन की व्याख्या कीजिए। 10

अथवा

उपभोक्ता के बजट सेट से आप क्या समझते है? एक उदाहरण दीजिए। 5+5

26. राष्ट्रीय आय क्या है? राष्ट्रीय आय की आधारभूत संकल्पनाओं को उदाहरण सहित समझाइए। 4+6

अथवा

राष्ट्रीय आय के मापन में कौन- कौन सी कठिनाइयां है? 10

27. रोजगार के प्रतिष्ठित सिद्धांत को समझाइए। इस सम्बन्ध में प्रो0 'से' के बाजार नियम के मुख्य बिन्दु लिखिए। 5+5

अथवा

सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति तथा सीमान्त बचत प्रवृत्ति के सम्बन्धों की व्याख्या कीजिए। 10